VATAKARA CLUSTER

SECOND YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION

PART II **TIME: 2½ HRS**

MAX.MARKS:80 **HINDI** **COOL OFF TIME: 15 MINUTES**

सामान्य निर्देश:

*प्रश्न वाचन और चिंतन केलिए 15 मिनट का समय है|

*उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें|

*स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें|

*सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें|

सूचना: 1-5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें: **(1X5=5)**

1 कवि ने किसको नंबर से पहचाना?

(भाई को, सहयात्री को, कुली को)

2 कवि अनंग किस रचना का पात्र है?

(दावा, वह भटका हुआ पीर, दोस्ती)

3 मुरकी और बुलाकी नाम किसने रखा था?

(कुमार ने, माँ राजवंती ने, उसके पति ने)

4 वह भटका हुआ पीर किस विधा की रचना है?

(संस्मरण, कहानी, लेख)

5 सपने का भी हक नहीं कविता का रचनकर कौन है?

(श्री मैथिली शरण गुप्त, डॉ जे बाबू, श्री कुँवर नारायण)

सूचना: कवितांश पढ़ें और 6 से 8 तक प्रश्नों के उत्तर लिखें:

पाकर तुझसे सभी सुखों को हमने भोगा|
तेरा प्रत्यपकर कभी क्या हम से होगा||
तेरा ही यह देह, तुझी से बनी हुई है|
बस तेरे ही सुरस - सार से सनी हुई है||
फिर अंत समय तू ही इसे अचल देख अपनाएगी|
हे मातृभूमि! यह अंत में तुझमें ही मिल जाएगी||

6 मातृभूमि केलिए कवि क्या करना चाहते हैं? **(1)**

7 तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हुमसे होगा? कवि ऐसा क्यों सोचते हैं? **(2)**

8 कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें: **(6)**

सूचना: 9 से 12 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें: **(2X2=4)**

9 दो सुरम्य कोमल रूप क्या-क्या था?

10 रजिस्ट्री के पूर्व पिताजी को अपना खेत देखने की इच्छा क्यों हुई?

11 एक आदमी का चेहरा याद आया| किसको? कब?

12 विमान से झाँकने पर क्या-क्या देख रहे हैं?

सूचना: 13 से 16 तक के प्रशोण में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें: **(4X3=12)**

13 हाइकू पढ़ें और भावार्थ लिखें:

नभ गूँजती
नीड़ गिरे शिशु पै
मंडराती माँ|

14 जीवन-वृत्त पढ़ें और हिमांशु जोशी के बारे में एक अनुच्छेद तैयार करें:

नाम	:	हिमांशु जोशी
जन्म	:	1935
जन्म स्थान	:	उत्तराखंड
कर्म क्षेत्र	:	पत्रकारिता, आकाशवाणी
प्रमुख रचनाएँ	:	यात्राएँ, नॉर्वे, सूरज चमक आधी रात

15 कल रजिस्ट्री के बाद वह ज़मीन अपनी कहाँ रह जाएगी? फिर दूसरों की ज़मीन में क्या जाना? इस कथन के आधार पर पिताजी के चरित्र पर टिप्पणी लिखें:

16 मगर नींद के
खुलने के पूर्व ही नोटिस
बैंक की आ धमकी सपने में|

आशय व्यक्त करें:

सूचना: गदयांश पढ़ें और 17 से 18 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें:

हमारी पीढ़ी के सबसे महान व्यक्ति की यही महत्त्वकांक्षा रही कि हर आँख से आँसू मिट जाएँ| शायद ये हमारे लिए संभव न हो, पर जब तक लोगों की आँखों में आँसू है और वे पीड़ित हैं तब तक हमारा काम खत्म नहीं होगा| और इसलिए हमें परिश्रम करना होगा ताकि हम अपने सपनों को साकार कर सकें|

17 हमारी पीढ़ी के सबसे महान व्यक्ति की महत्त्वकांक्षा क्या है? **(2)**

18 उचित शीर्षक लिखकर गदयांश का संक्षेपण करें: **(6)**

सूचना: 19 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें: **(6X3=18)**

19 सुतमुख देखि जसोदा फूली|

हर्षित देखि दूध कि दंतियाँ प्रेम मगन तनु की सुधि भूली||
बाहिर ते नन्द बुलाए देखौं धौं सुंदर सुखदाई|
तनक तनक सी दूध की दंतियाँ देखौं नैन सुफल करो आई||
आनंद सहित महर तब आए मुख चितवन दाऊ नैन अघाई|
सूर स्याम किलकत द्विज देख्योंमानो कमाल पर बीजु जमाई||
पद के आधार पर टिप्पणी लिखें:

20 हिन्दी में अनुवाद करें:

Nirala is the most popular poet in Hindi. He was born in Bengal. He was married to Manohara Devi. Nirala was influenced by the Hindi knowledge of his wife. So he learned Hindi. After that he began to write in Hindi. The most famous elegySaroj Smriti was written by him.

elegy- शोकगीत   influenced- प्रभावित होना   knowledge- ज्ञान

21 कवि शंकारलाल जी की कविता संग्रह का प्रकाशन 2003 फरवरी 26 को कैप्टन विक्रम हाल, मुंबई में श्री पवन कारण कर रहे हैं| इसके लिए आकर्षक पोस्टर तैयार करें:

22 पति द्वारा उपेक्षित मुरकी राजवंती माँ के पास वापस आती है| दोनों के बीच का वार्तालाप तैयार करें:

23 सूचना: सही मिलान करें: **(8)**

Economics - ऊर्जा
Vaccination - पेशगी
Energy - अर्थशास्त्र
Cess - परमाणु
Ratio - प्रतिशत
Atom - टीकाकरण
Advance - अनुपात
Percent - उपकर

सूचना: 24-26 तक के प्रशोण मे से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए: **(8X2=16)**

24 रंगून से कैदी बाप का पत्र कैदी बेटी को मिला| वह भी आंसुनामा था| बेटी अपनी उस दिन की डायरी में इसके बारे में लिखती है| वह डायरी तैयार करें:

सहायक संकेत:

* पिताजी का देशप्रेम
* परिवारवालों के प्रति सोच
* दिल्लीवासियों के प्रति अपनी आकुलता

25 विद्यालय के एन एस एस टीम द्वारा जैविक सब्जियाँ (
उगाई गयी है| कृषक दिवस पर उसकी बिक्री हो रही है} इस केलिए आकर्षक विज्ञापन तैयार करें:

सहायक संकेत:

* जैविक खादों का प्रयोग
* कीटनाशकों से मुक्त
* स्वास्थ्य केलिए लाभदायक
* कम दाम

26 दोस्ती फिल्मी गीत सुनने के बाद एक छात्र अपने पुराने मित्र को पत्र लिखता है| वह पत्र तैयार करें:

सहायक संकेत:

* दोस्ती के गुण
* दोस्ती के महत्त्व
* दोस्ती के लाभ

****

Prepared by:

SUJA AV	440515	GHSS VATAKARA ,PUTHUR
JAYASREE S	451318	GVHSS PAYYOLI
LEENA U	618954	GVHSS PAYYOLI
SUJA J	398925	KKMGVHSS ORKKATTERI
SHEREENA JULIET	199025	BEM HSS VATAKARA
ANITHA T	412212	GHSS MADAPPALLY
SHEEBA P	689782	VADAKUMPAD HSS PALERI